आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी भोपाल दोपहर समाचार
दिनांक 07.01.2025   समय: 2.10 PM

अमित शाह-भारतपोल

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। भारतपोल पोर्टल का उद्देश्य इंटरपोल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों पर कार्रवाई को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें रेड नोटिस और अन्य इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारतपोल अंतर्राष्ट्रीय जांच को नए युग में ले जाएगा।

बाइट: अमित शाह

इस अवसर पर श्री अमित शाह ने 35 सीबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किए, जिन्हें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री के पदक से सम्मानित किया गया है।

राज्य मंत्रिमंडल बैठक

राज्य मंत्रिमंडल की आज बैठक हुई. बैठक में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव भी शामिल हुए. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रिमंडल की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी.

बाइट: कैलाश विजयवर्गीय

एचएमपीवी समीक्षा बैठक

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस - एचएमपीवी से जनता के लिए चिंता का कोई कारण नहीं है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक वर्चुअल बैठक के दौरान, स्वास्थ्य सचिव ने ने राज्यों को इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण की निगरानी को मजबूत करने की सलाह दी है। राज्यों को सूचना, शिक्षा और संचार के साथ-साथ वायरस के फैलाव की रोकथाम के संबंध में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की भी सलाह दी गई है।

मलेशिया महिला डबल्स

बैडमिंटन में, कुआलालंपुर में मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत की महिला डबल्स जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने राउंड ऑफ सिक्सटीन में प्रवेश किया। पुरुष

सिंगल्स में, लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत और प्रणय एच.एस आज राउंड ऑफ थर्टी टू में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

महाकुंभ वेबसाइट

महाकुंभ की आधिकारिक वेबसाइट kumbh.gov.in पर 183 देशों के 33 लाख से अधिक लोगों ने जानकारी हासिल की है। यह वेबसाइट जानकारी के लिए प्राथमिक स्रोत के रूप में उभरी है, दुनिया भर के लाखों लोग इस पर विजिट कर रहे है। वेबसाइट पर 4 जनवरी तक विश्व के 6,206 शहरों क विज़िट दर्ज हुई। आगंतुकों ने न केवल वेबसाइट का उपयोग किया है, बल्कि उपलब्ध सामग्री की खोज में भी काफी समय बिताया है।

बैतूल क्रिकेटर

बैतूल शहर की ल्याणी जाधव को कटक में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित अंडर 23 गर्ल्स टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए मप्र टीम का उपकप्तान चुना गया है। पेंटर पिता की बेटी कल्याण जाधव ने आर्थिक परेशानियों के बावजूद अपने जुनून, लगन और परिश्रम के दम पर प्रदेश की सीनियर महिला क्रिकेट टीम में बतौर आल राउंडर शामिल हुई हैं। कल्याणी का लक्ष्य भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल होना है ।

गडकरी बैठक- सडक परिवहन

केन्द्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री गडकरी ने कहा कि यह वार्षिक आयोजन केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल बढाने तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत मामलों और समन्वित रणनीतियों को आगे बढाने के तरीकों पर चर्चा का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय चुनौतियों पर विचार करने, श्रेष्ठ पद्धतियां साझा करने तथा परिवर्तनकारी परिवहन नीतियों को समान रूप से लागू करने के लिए इस प्रकार का संवाद आवश्यक है।

समाचार संक्षेप में...

- मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने जिले की ग्राम पंचायत सुलखमां में हाथकरघा हितग्राहियों से बातचीत की। कलेक्टर ने हस्तशिल्प और खादी की मार्केटिंग के लिए फारेस्ट रेस्ट हाउस के पास प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए स्थल निर्धारित करने के निर्देश भी दिये।
- गुना में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जन्मवर्ष के अवसर पर 9 जनवरी को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया जायेगा।
- शिवपुरी जिले में कल सभी मतदान केन्द्रों पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। और

- झाबुआ जिले के ग्राम रूपाखेड़ा में एक लाख रुपये से अधिक की अवैध शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है.